# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड)
# KUMAUNUNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांकः केयू/मान्यता/2024/556 दिनांकः 03/09/2024

सेवा में,

**प्राचार्य/निदेशक**
**समस्त राजकीय महाविद्यालय/निजी संस्थान**
**सम्बद्ध कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।**

**विषय-** शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए नवीन सम्बद्धता/सम्बद्धता विस्तारण/स्थाई सम्बद्धता, सीटवृद्धि हेतु सम्बद्धता पोर्टल पर आवेदन किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कुलाधिपति सचिवालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांकः 4952/जी0एस0(शिक्षा)/A4-135-1/2017, दिनांकः 21 अगस्त, 2023 के क्रम में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2025-26 की नवीन/अस्थाई/स्थाई सम्बद्धता, सीटवृद्धि हेतु ऑनलाइन आवेदन किये जाने के लिए **दिनांक 01 सितम्बर, 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक** की तिथि निर्धारित की गई है।

ऑनलाईन आवेदन कुमाऊँ विश्वविद्यालय की वेब साइट https://www.kunainital.ac.in के Home page पर उपलब्ध लिंक या https://uttarakhandaffiliation.in/login.php लिंक के द्वारा शासनादेश सं0 649/XXIV(3)2016-01(30)/2015, दिनांक 14 दिसम्बर, 2016 में निर्धारित सम्बद्धता के मानकों/दिशा-निर्देशानुसार आवेदन करेंगे। अपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदनों पर विश्वविद्यालय द्वारा कार्यवाही की जानी सम्भव नहीं होगी।

कुलाधिपति सचिवालय द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 एवं अग्रेत्तर सत्रों हेतु निम्नवत् समय सारिणी निर्धारित की गयी है-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | राज्य सरकार के स्तर से संस्थान, महाविद्यालय व राजकीय कॉलेजों में पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति प्रदान किये जाने की अन्तिम तिथि।<br>तत्पश्चात् निर्गत अनापत्ति अगले शैक्षिक सत्र हेतु मान्य होगी। | 31 दिसम्बर |
| 2. | संस्थान, महाविद्यालय व राजकीय कॉलेजों से विश्वविद्यालय में अस्थाई सम्बद्धता के प्रस्ताव प्राप्त होने की अन्तिम तिथि।<br>तत्पश्चात जो प्रस्ताव प्राप्त होंगे वह अगले शैक्षिक सत्र हेतु मान्य होंगे। | 15 जनवरी |

अतः उपरोक्तानुसार सम्बद्धता प्रस्ताव ऑनलाईन माध्यम से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, निर्धारित समय-सारिणी के उपरान्त प्राप्त सम्बद्धता प्रस्तावों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

**भवदीय,**

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. मै0 वैबलाईन इन्फोटैक प्रा0 लि0 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार सम्बद्धता पोर्टल को अपडेट करने का कष्ट करें।
2. प्रभारी, ई0आर0पी0सैल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेब साइट में अपलोड करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

**कुलसचिव**